पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2021-2023, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

"कामनाएं समुद्र की भांति अतृप्त है। पूर्ति का प्रयास करने पर उनका कोलाहल और बढ़ता है।
–स्वामी विवेकानन्द

■ वर्ष : 33 ■ अंक : 12 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, बुधवार, 12 जुलाई, 2023 ऑनलाइन पढ़े : epaper.seemasandesh.in

राजीव गांधी ग्रामीण एवं ... 8

देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए सभी वर्गों का योगदान जरूरी : डॉ. पी सी पंचारिया

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। वैज्ञानिक एवं अन्य क्षेत्रों में पेटेन्ट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट आदि से संबंधित विषयों से स्कूल एवं कॉलेजों की किशोर जनशक्ति को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव के अंतर्गत सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में सोमवार को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया। 10 से 11 जुलाई तक आयोजित दो-दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ संस्थान के सभागार में रविवार किया गया। संस्थान के हिंदी विभाग के अधिकारी एवं मीडिया प्रभारी वैज्ञानिक रमेश बौरा ने बताया कि इस कार्यशाला में पिलानी एवं निकटवर्ती विद्यालयों - बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी, नेशनल पब्लिक स्कूल, बिरला स्कूल पिलानी, सीरी विद्या मंदिर पिलानी, बिरला शिशु विहार,बिरला पिलानी, बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी, राकेश अकेडमी पिलानी, मंडेलिया स्कूल पिलानी सहित अन्य विद्यालयों तथा बिट्स-पिलानी, बीकेबीआईईटी आदि महाविद्यालयों के 650 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।कार्यशाला के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने की।